रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 251] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 31, 2002/ज्येष्ठ 10, 1924
No. 251] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 31, 2002/JYAISTHA 10, 1924

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
Kol 13/1/03

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मई, 2002

सा.का.नि. 400(अ).—केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 का और संशोधन करने के लिए कतिपय नियमों का प्रारूप मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 212 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 31(अ) तारीख 15 जनवरी, 2002 में प्रकाशित किया गया था, जिसमें उन सभी व्यक्तियों से जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको भारत के राजपत्र की प्रतियां, जिसमें उक्त अधिसूचना प्रकाशित की गई थी, उपलब्ध करा दी गई थी, पैंतालीस दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे ;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां 16 जनवरी, 2002 को जनता को उपलब्ध कर दी गई थीं ;

और उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में, जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार ने विचार कर लिया है ;

अत: अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 27, 64, 110 और 137 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय मोटर यान (तीसरा संशोधन) नियम 2002, है

(2) ये नियम जब तक कि इन नियमों में अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो राजपत्र में उनके अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. केन्द्रीय मोटर यान, 1989 के (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) नियम 2 में खंड (ज) के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्

(झ) "प्रवर्ग एल" से अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (27) में परिभाषित रूप में कोई ऐसी मोटरसाइकिल अभिप्रेत है, जिसकी अधिकतम डिज़ाइन गति 45 किलोमीटर/घंटा से अधिक न हो और यदि उसमें थर्मिक इंजन लगाया गया हो तो उसकी इंजन क्षमता 50 सी सी से अधिक न हो;

(ञ) "प्रवर्ग एल 2" से अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (27) में परिभाषित रूप में कोई ऐसी मोटरसाइकिल अभिप्रेत है, जिसकी अधिकतम डिज़ाइन गति 45 किलोमीटर/घंटा से अधिक हो और यदि उसमें थर्मिक इंजन लगाया गया हो तो उसकी इंजन क्षमता 50 सी सी से अधिक हो;

(ट) "प्रवर्ग एम" से यात्रियों और उनके सामान के वहन के लिए प्रयुक्त कम से कम चार पहियों वाला मोटरयान अभिप्रेत है।

(ठ) "प्रवर्ग एम 1" से यात्रियों और उनके सामान के वहन के लिए प्रयुक्त ऐसा मोटरयान अभिप्रेत है जिसमें चालक की सीट के अतिरिक्त आठ से अनधिक सीटें हों।

(ड) "प्रवर्ग एम 2" से यात्रियों और उनके सामान के वहन के लिए प्रयुक्त ऐसा मोटरयान अभिप्रेत है जिसमें चालक की सीट के अतिरिक्त आठ से अधिक सीटें हों और जिसका अधिकतम वजन पांच टन से अधिक नहीं है।

(ढ) "प्रवर्ग एम 3" से यात्रियों और उनके सामान के वहन के लिए प्रयुक्त ऐसा मोटरयान अभिप्रेत है जिसमें चालक की सीट के अतिरिक्त आठ से अधिक सीटें हों और जिसका कुल अधिकतम वजन पांच टन से अधिक है।

(ण) "प्रवर्ग एन" से माल के वहन के लिए प्रयुक्त कम से कम चार पहियों वाला मोटरयान अभिप्रेत है।

(त) "प्रवर्ग एन 1" से माल के वहन के लिए प्रयुक्त ऐसा मोटरयान अभिप्रेत है जिसका अधिकतम वजन 3.5 टन से अधिक नहीं है।

(थ) "प्रवर्ग एन 2" से माल के वहन के लिए प्रयुक्त ऐसा मोटरयान अभिप्रेत है जिसका अधिकतम वजन 3.5 टन से अधिक है किंतु 12 टन से अधिक नहीं है।

(द) "प्रवर्ग एन 3" से माल के वहन के लिए प्रयुक्त ऐसा मोटरयान अभिप्रेत है जिसका अधिकतम वजन 12 टन से अधिक है।

(ध) "स्मार्ट कार्ड" से ऐसी युक्ति अभिप्रेत है जो डाटा भण्डारण करने तथा कमांड निष्पादित करने में समर्थ है, जो प्लास्टिक कार्ड पर मढ़ी हुई एकल चिप माइक्रो प्रोसेसर है और कार्ड तथा चिप के परिमाप आई एस ओ-7816 विनिर्देशों में, जैसे समय-समय पर संशोधित किए जाएं, प्रकार के हैं।

3. उक्त नियमों के नियम 10 के खंड (घ) में, "मध्यम माल यान, मध्यम यात्री मोटरयान, भारी माल यान या भारी यात्री मोटरयान" शब्दों के स्थान पर "परिवहन यान" शब्द रखे जाएंगे।

4. उक्त नियमों के नियम 16 के उपनियम (2) में "लेमिनेटिड कार्ड किस्म की चालन अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए" शब्दों के स्थान पर "लेमिनेटिड कार्ड या स्मार्ट कार्ड किस्म की चालन अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए" शब्द रखे जाएंगे।

5. उक्त नियमों के नियम 32 की सारणी में,—

(क) क्रम सं. 3 के सामने स्तंभ (3) में "एक सौ पचास रुपये" शब्दों के स्थान पर "दो सौ रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

(ख) क्रम सं. 6 के सामने स्तंभ (3) में "तीस रुपये" शब्दों के स्थान पर "पचास रुपए" शब्द रखे जाएंगे;

(ग) क्रम सं. 8 के सामने स्तंभ (3) में, "एक सौ पचास रुपए" शब्दों के स्थान पर "दो सौ रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

6. उक्त नियमों के नियम 48 में, "प्ररूप 23 में रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र" शब्दों और अंकों के स्थान पर "प्ररूप 23 या प्ररूप 23 क में रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र" जैसा संबंधित राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, शब्द, अंक और अक्षर रखे जाएंगे।

7. उक्त नियमों के नियम 87 की सारणी के टिप्पण में निम्नलिखित परंतुक अंत में अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परंतु यदि इस सारणी की क्रम सं., 4, 5, 6, 7, 8, 9 और 10 में उल्लिखित किसी प्रयोजन के लिए कोई स्मार्ट कार्ड जारी किया जाता है तो ऐसे प्रत्येक कार्ड के लिए दो सौ रुपए की अतिरिक्त फीस की रकम प्रभारित की जाएगी"।

8. उक्त नियमों के नियम 83 के उपनियम (2) के स्थान निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) यदि रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र स्मार्ट कार्ड पर जारी किया जाता है तो प्रत्येक प्राधिकार पत्र प्ररूप 23 क में अनुदत्त किया जाएगा या यदि प्राधिकार पत्र कागजी दस्तावेज, प्रकार का है तो वह संबद्ध राज्यों द्वारा उद्गृहीत करों या फीसों, यदि कोई हो, के संदाय के अधीन रहते हुए प्ररूप 47 में अनुदत्त किया जाएगा। वह प्राधिकारी जो प्राधिकार अनुदत्त करता है, परमिट धारक को ऐसे करों या फीसों के लिए प्रत्येक बैंक ड्राफ्ट की बाबत पृथक रसीदें जारी करेगा और ऐसी रसीदें ऐसे वाटर मार्क कागज पर सुरक्षित रूप से मुद्रित होगी जिस पर ऐसा होलोग्राम होगा जो संबद्ध राज्य द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए"।

परन्तु यह कि करों या फीसों के संबंध में प्राप्त बैंक प्रारूप सदैव उस प्राधिकारी द्वारा, अग्रेषित किए जाएंगे, जो संबंधित राज्यों को प्राधिकार पत्र प्रदत्त करता है;

परन्तु यह भी कि ऐसे होलोग्राम वाले सुरक्षित रूप से मुद्रित वाटर मार्क कागज का उपयोग केन्द्रीय मोटरयान (तीसरा संशोधन) नियम, 2002 के प्रारम्भ की तारीख से छह मास पर या उसके पूर्व प्रवर्तन में आएगा।

9. उक्त नियमों के नियम 87 के उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) यदि रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र स्मार्ट कार्ड पर जारी किया जाता है तो प्रत्येक प्राधिकार पत्र प्ररुप 23क में अनुदत्त किया जाएगा या यदि प्राधिकार पत्र कागजी दस्तावेज प्रकार का है तो वह संबद्ध राज्यों द्वारा उद्गृहीत करों या फीसों, यदि कोई हो, के संदाय के अधीन रहते हुए प्ररुप 47 में अनुदत्त किया जाएगा। वह प्राधिकारी जो प्राधिकार पत्र अनुदत्त करता है, अनुज्ञा/पत्र धारक को ऐसे करों या फीसों के लिए प्रत्येक बैंक ड्राफ्ट की बाबत पृथक रसीदें जारी करेगा और ऐसी रसीदें ऐसे वाटर मार्क कागज पर सुरक्षित रूप से मुद्रित होंगी जिस पर ऐसा होलोग्राम होगा जो संबद्ध राज्य द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए" । या

परन्तु यह कि करों या फीसों के संबंध में प्राप्त बैंक प्रारुप सदैव उस प्राधिकारी द्वारा अग्रेषित किए जाएंगे, जो संबंधित राज्यों को प्राधिकार पत्र प्रदत्त करता है;

परन्तु यह भी कि ऐसे होलोग्राम वाले सुरक्षित रूप से मुद्रित वाटर मार्क कागज का उपयोग केन्द्रीय मोटरयान (तीसरा संशोधन) नियम, 2002 के प्रारम्भ की तारीख से छह मास पर या उसके पूर्व प्रवर्तन में आएगा।

10. उक्त नियमों के नियम 88 के उपनियम (4) के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"5. राष्ट्रीय परमिट वाटर मार्क कागज पर सुरक्षित रूप से मुद्रित होगा और उस पर ऐसा होलोग्राम होगा जिसे ऐसे परमिट को जारी करने वाली राज्य सरकार या राज्य परिवहन प्राधिकरण विनिर्दिष्ट करे"।

परन्तु यह कि ऐसे होलोग्राम वाले सुरक्षित रूप से मुद्रित वाटर मार्क कागज का उपयोग केन्द्रीय मोटरयान (तीसरा संशोधन) नियम, 2002 के प्रारम्भ की तारीख से छह मास पर या उसके पूर्व प्रवर्तन में आएगा।

11. उक्त नियमों के नियम 95 में उपनियम (5) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंत:स्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

"(6) भारत में विनिर्मित यानों और आयातित यानों (नए और पुराने) की दशा में टायरों के आकार, यदि वे भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देशों के अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय मानकों अर्थात् ईसी ई, जेएटीएमए, ईटीआरटीओ और टी एंड आर ए में सम्मिलित हैं, इस नियम के अधीन भी स्वीकार किए जा सकेंगे :

परंतु निम्नलिखित शर्तों को पूरा किया जाएगा—

(1) नियम 126 में निर्दिष्ट परीक्षण अभिकरण भारतीय दशाओं के प्रति निर्देश से टायर की भार और गति रेटिंग के बारे में अपना समाधान करेंगे।

(2) उद्गम के देश के परीक्षण अभिकरण द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्ट/प्रमाणपत्र का नियम 126 में निर्दिष्ट परीक्षण अभिकरण द्वारा स्वीकृति के लिए सत्यापन किया जाएगा;

(3) शर्त (1) और (2) के अनुरुप आयातित यानों में लगे हुए ट्यूब रहित टायरों को भी अनुज्ञात किया जाएगा।"

12. उक्त नियमों के नियम 96 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"96क उच्च गति की ब्रेकिंग अपेक्षाएं :—उच्च गति की ब्रेकिंग के लिए निम्नलिखित परीक्षण प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा, अर्थात् :—

(क) प्रवर्ग एम 1 की दशा में, आई एस : 11852-2001 के भाग 3 में यथापरिभाषित पी टाइप, सर्विस ब्रेक परीक्षण 120 किलोमीटर प्रति घंटा की परीक्षण गति पर इंजन कनेक्टिड मोड में या यान के डिजाइन की अधिकतम गति के 80 प्रतिशत पर जो भी न्यूनतर हो, किया जाएगा।

(ख) स्टापिंग डिस्टेंस अपेक्षाएं निम्नलिखित सूत्र के अनुसार होंगी, अर्थात् :—

$$\text{एस} < 0.1V + (V^2/130)$$

जहां एस स्टापिंग डिस्टेंस मीटर में है :

वी किलोमीटर/प्रति घंटा में परीक्षण स्पीड है और नियंत्रण बल एफ < 500 न्यूटन है :

परन्तु यह उपनियम केन्द्रीय मोटर यान (तीसरा संशोधन) नियम, 2001 के प्रारम्भ की तारीख से ऐसे यानों की दशा में जिनका अनुमोदन होना है छह मास के पश्चात् और पहले से ही किस्म अनुमोदित यानों की दशा में 12 मास के पश्चात् लागू होगा।

13. उक्त नियमों के नियम 98 में उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) विनिर्मित ऐसे तिपहियों जिनमें स्टीयरिंग व्हील नहीं लगा हुआ है, मोटर साइकिलों, अशक्त यात्री गाड़ियों और कृषि ट्रैक्टरों से भिन्न सभी मोटरयानों का स्टीयरिंग एफर्ट 1 जनवरी, 2003 को और उसके पश्चात् से तब तक समय-समय पर यथासंशोधित भारतीय मानक आई एस : 11948-1998 के अनुरूप होगा, जब तक कि तत्स्थानी बी आई एस विनिर्देश अधिसूचित नही कर दिए जाते।"

14. उक्त नियमों के नियम 101 के उपनियम (2) में "तिपहियों" शब्दों से आरम्भ होने वाले और "वाइपिंग प्रणाली" पर समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"1 जनवरी, 2003 को और उसके पश्चात् विनिर्मित तिपहियों, मोटरसाइकिलों और अशक्त यात्री गाड़ियों से भिन्न सभी मोटर यानों में जिनमें विंड स्क्रीन लगी है, विंड स्क्रीन वाइपिंग प्रणाली लगाई जाएगी, जो समय-समय पर यथा संशोधित निम्नलिखित मानकों में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुरूप तक होगी जब तक कि भारतीय मानक ब्यूरो के तत्स्थानी विनिर्देश अधिसूचित नहीं किए जाते हैं" :

(1) प्रवर्ग एम 1 के यानों की दशा में ए आई एस 019/2001

(2) अन्य यानों की दशा में, ए आई एस 011/2001

15. उक्त नियम के नियम 108 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"108. लाल, सफेद या नीली लाइट का उपयोग" :—

(1) कोई भी मोटर यान आगे लाल लाइट या पीछे लाल से भिन्न कोई अन्य लाइट नहीं जलाएगा;

परन्तु इस नियम के उपबंध,—

(i) यान का आंतरिक लाइट-प्रबंध या;

(ii) एंबर लाइट, यदि किसी दिशा सूचक द्वारा प्रदर्शित की जाती है या टाप लाइट जिसका वायु पत्तनों, पत्तनों जैसे परिसरों के भीतर उन परिसरों के बाहर सार्वजनिक सड़कों पर जाए बिना चलने वाले यान पर उपयोग किया जाता है ;

(iii) यथास्थिति केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा, समय समय पर विनिर्दिष्ट अतिगणमान्य व्यक्तियों को ले जाने वाला कोई यान;

(iv) रोगियों को ले जाने के लिए प्रयुक्त एंबुलैंस में लगाई गई परपल ग्लास वाली ब्लिकंर किस्म की लाल लाइट; या

(v) विद्युत बल्ब से फिट लैंप वाला यान, यदि बल्ब की शक्ति सात वाट से अधिक नही है और लैंप में धुंधला शीशा या ऐसा कोई अन्य पदार्थ लगा हुआ है जिसमें रोशनी को प्रसारित करने की शक्ति है;

(vi) पीछे की नम्बर प्लेट को प्रकाशित करने वाली सफेद लाइट;

(vii) बैक करते समय प्रयुक्त सफेद लाइट;

(viii) कृषि ट्रैक्टरों में कृषि खेतों में संक्रिया के दौरान चलने वाले उपकरणों पर प्रकाश डालने के लिए लगाई गई फ्लड लाइट;

(2) फ्लैशर युक्त नीली लाइट का उपयोग राज्य सरकारों द्वारा उनके विवेकानुसार अवधारित ओर अधिसूचित किया जाएगा।

(3) टापलाइट के रूप में फ्लैशर सहित या रहित नीली लाइट का उपयोग उन अति गणमान्य व्यक्तियों की एसकोर्टिंग करने वाले यानों तक सीमित होगा जो लाल लाइट का उपयोग करने के हकदार हैं।

(4) बहुरंगी लाल, नीली और सफेद लाईट का उपयोग केवल विनिर्दिष्ट रूप से आपात ड्यूटी के लिए यानों पर ही अनुज्ञात होगा और विनिर्दिष्ट रूप से राज्य सरकारों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा;

(5) राज्य सरकार, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले यान के टाप पर लाल लाईट का प्रयोग करने के बारे में भारत के राजपत्र में प्रकाशित सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 52(अ) तारीख 11 जनवरी, 2002 के उपनियम (2) और खण्ड (ङ) के अधीन संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचनाओं के संबंध में केन्द्रीय सरकार को सूचित करेगी;

(6) उस दशा में जब यान गणमान्य व्यक्तियों को नहीं ले जा रहा हो, यथा स्थिति, लाल या नीली लाईट का उपयोग नहीं किया जाएगा और उसे काले आवरण से ढका जाएगा।

IndiaCode

16. उक्त नियमों के नियम 115 में—

(अ) उपनियम (2) में खंड (क) और खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखे जाएंगे, अर्थात :—

"(क) दो पहिए और तिपहिए यानों से भिन्न यानों के लिए जो,—

(i) द्रवित पैट्रोलियम गैस (एल पी जी), पैट्रोल; या

(ii) संपीडित प्राकृतिक गैस (सी एन जी, पैट्रोल),

से चलते हैं, निष्कार्य सी ओ, (कार्बन मोनोआक्साइड) उत्सर्जन सीमा, आयतन के अनुसार 3.0 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी;"

(ख) ऐसे सभी दो पहिए और तिपहिए यानों के लिए जो—

(i) "द्रवित पैट्रोलियम गैस (एल पी जी), पैट्रोल; या

(ii) संपीडित प्राकृतिक गैस (सी एन जी, पैट्रोल),

से चलते हैं, निष्कार्य सी ओ, (कार्बन मोनोआक्साइड) उत्सर्जन सीमा, आयतन के अनुसार 4.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी;"

(आ) उपनियम (10) में,—

(i) "दो पहिया और तिपहिया शीर्ष के अधीन सारणी में क. पैट्रोल से चलने वाले यानों के लिए" उपशीर्ष के अधीन टिप्पणी में अंतिम पैरा के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"कैटलाइटिक कनवरटर से युक्त दो पहियों या तिपहियों के लिए किस्म अनुमोदन सीमा पर 1.2 ह्रास फैक्टर उनके स्थायित्व के लिए लागू होगा:

परन्तु यान विनिर्माता ह्रास फैक्टर का मूल्यांकन करने के लिए 30 हजार किलो मीटर के आयु संबंधी परीक्षण के लिए उस प्रक्रिया के अनुसार विकल्प ले सकते हैं जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिकथित की जाए";

(1) "या चौबीस डायनामोमीटर परीक्षण" शीर्ष के अधीन भाग 2 में "आ. डीजल यानों के लिए (जिनके अंतर्गत दो और तिपहिया भी है) उपशीर्ष के अधीन टिप्पणी में अंतिम पैरा के पश्चात निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"कैटलाइटिक कनवरटर से युक्त दो पहियों और तीन पहियों के लिए किस्म अनुमोदन सीमाओं पर 1.2 का ह्रास फैक्टर निम्नलिखित होगा :"

सी ओ = 1.; एस सी + एन ओ एक्स = 1.0; पी एम = 1.2

परन्तु यान विनिर्माता ह्रास फैक्टर का मूल्यांकन करने के लिए 30 हजार किलो मीटर के आयु संबंधी परीक्षण के लिए उस प्रक्रिया के अनुसार विकल्प ले सकते हैं जो केन्द्रीय द्वारा अधिकथित की जाए";

"परन्तु यह और कि उपर्युक्त उपबंध अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के पश्चात प्रवृत्त होंगे ।"

17. उक्त नियमों के नियम 118 के उपनियम (1) में "केन्द्रीय सरकार" शब्दों के स्थान पर "राज्य सरकार" शब्द रखे जायेंगे।

18. उक्त नियमों के नियम 119 के उपनियम (1) में निम्नलिखित परन्तुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु 1 जनवरी, 2003 से ही हार्न स्थापन अपेक्षाएं समय-समय पर संशोधित ए आई एस 014/2001 विनिर्देशों के अनुरूप तब तक होंगी जब तक कि भारतीय मानक ब्यूरो के तत्स्थानी विनिर्देश अधिसूचित नहीं कर दिए जाते।

19. उक्त नियमों के नियम 123 में निम्नलिखित परन्तुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

परन्तु 1 जनवरी, 2003 से ही पिलियन हैंड होल्डस समय-समय पर यथासंशोधित आई एस : 14495-1998 विनिर्देशों द्वारा तब तक शासित होंगे जब तक कि भारतीय मानक ब्यूरो के तत्स्थानी विनिर्देशों को अधिसूचित नही कर दिया जाता है। "

20. उक्त नियमों के नियम 124 में उपनियम (1) के पश्चात निम्नलिखित उपनियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(1क) 1 जनवरी, 2003 से ही यान को पीछे चलाने के लिए संरक्षण युक्ति की सामान्य अपेक्षाएं और यान पार्श्व संरक्षण युक्ति की तकनीकी अपेक्षाएं क्रमश: आई एस : 14812-2000 विनिर्देशों और आई एस 14682-1999 विनिर्देशों के अनुसार जैसे समय-समय पर संशोधित किए जाएं, होंगी।"

21. उक्त नियमों के नियम 125 में,—

(क) उपनियम (1 क) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(1 क) प्रत्येक मोटर यान का विनिर्माता, प्रत्येक मोटर यान में पीछे की आगे की ओर मुंह वाली सीट पर बैठने वाले व्यक्ति के लिए सीट बैल्ट लगाएगा :

परंतु मोटर यानों में सेफ्टी बेल्ट ऐसेंबलीज और सेफ्टी बेल्ट एंकोरेजेज के विनिर्देश क्रमश: ए आई एस: 005-2000 और ए आई एस: 015-2000 विनिर्देशों के जैसे समय-समय पर संशोधित किए जाएं के अनुरूप तब तक होंगे जब तक कि तत्स्थानी भारतीय मानक ब्यूरो विनिर्देश अधिसूचित नहीं कर दिए जाते :

परंतु यह और कि 1 अक्तूबर, 2002 को और उसके पश्चात् मोटर यानों में सेफ्टी बेल्ट ऐसेबंलीज और सेफ्टी बेल्ट एंकोरेजेज 005-2000 और ए आई एस: 015-2000 विनिर्देशों के अनुरूप होंगे।"।

(ख) उपनियम (2) में निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परंतु 1 जनवरी, 2003 से ही रियर व्यू मिरर विनिर्देश और स्थापन अपेक्षाएं क्रमश: ए आई एस: 001-2001 और ए आई एस: 002-2001 द्वारा विनिदिष्ट अपेक्षाओं जैसी समय-समय पर संशोधित की जाएं के अनुरूप तब तक होंगी जब तक कि तत्स्थानी भारतीय मानक ब्यूरो विनिर्देशों को अधिसूचित नहीं कर दिया जाता है।"।

(ग) उपनियम (4) के पश्चात निम्नलिखित अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"5. 1 जनवरी, 2003 को और उसके पश्चात् प्रवर्ग एम 1 यान की सीटों का आकार और विनिर्देश, उनके एंकोरेज और हैड रेस्ट्रेंट्स (सामान अवधारण को छोड़कर) ए आई एस : 016-2000 विनिर्देशों के, जैसे समय-समय पर संशोधित किए जाएं, तब तक अनुरूप होंगे जब तक कि तत्स्थानी भारतीय मानक ब्यूरो विनिर्देशों को अधिसूचित नहीं करता है।

22. उक्त नियमों के नियम 126 में निम्नलिखित परंतुक अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परंतु इन नियमों के अनुपालन के लिए मोटरयानों के किस्म अनुमोदन और प्रमाणन के लिए प्रक्रिया समय-समय पर यथासंशोधित ए आई एस : 017-2000 के अनुसार होगी।"।

23. उक्त नियमों के नियम 126क में निम्नलिखित परंतुक अंत: स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"परंतु भारत में दिए गए आधारिक माडल के विक्रय किए गए यानों की संख्या और उनके परिवर्तो की संख्या (भारत में विनिर्मित या भारत में आयातित) एक वर्ष में किसी भी लगातार छह मास की अवधि में 250 से कम है तब ऐसे आधारिक माडल और उसके परिवर्तो को उपरोक्त परीक्षण के अध्यधीन जाने की आवश्यकता नहीं है यदि यथास्थिति उस विनिर्माता या आयातकर्ता द्वारा विनिर्मित या आयातित माडलों या उसके परिवर्तो में से कम से कम एक के ऐसे परीक्षण कर लिए जाते हैं"

परंतु यह और कि उस दशा में जब विनिर्मित/आयातित आधारिक माडलों और उसके परिवर्तो की संख्या एक से अधिक है और यदि एकमात्र आधारित माडल और उसके परिवर्त एक वर्ष में छह मास की किसी लगातार अवधि में 250 से कम है तब परीक्षण अभिकरण ऐसे माडल या उसके परिवर्तो में से किसी एक यान का ऐसा परीक्षण करने के लिए एक वर्ष में चयन कर सकेंगे।"

24. उक्त नियमों के नियम 138 के उपनियम (4) के खंड (ग) में निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परंतु 1 जनवरी, 2003 को और उसके पश्चात् विनिर्मित यानों की दशा में आकार के ट्रायंगल और विनिर्देश समय-समय पर यथासंशोधित ए आइ एस : 022-2001 में विनिर्दिष्ट विनिर्देशों के तब तक अनुरूप होंगे जब तक कि तत्स्थानी भारतीय मानक ब्यूरो विनिर्देश अधिसूचित नहीं कर दिए जाते।"।

"प्ररूप 7"

[नियम 16(2) देखें]

चालन अनुज्ञप्ति का प्ररूप (लेमिनेटिड/स्मार्ट कार्ड किस्म)

दृष्टिक निरीक्षण जोन

चालन अनुज्ञप्ति संख्या .....

जारी करने की तारीख .....

फोटोग्राफ

[..... तक विधिमान्य (अपरिवहन).....तक विधिमान्य (परिवहन)]

नाम ..... (उपनाम) ..... (प्रथम नाम) .....

का पु .....

पता (वर्तमान) .....

जन्म तिथि ..... (तारीख) ..... (मास) ..... (वर्ष) .....

संपूर्ण भारत में निम्नलिखित वर्ग के यान चलाने के लिए प्राधिकार-पत्र

i यान का वर्ग ....

ii जारी करने की तारीख (तारीख) ..... (मास-वर्ष) ....

बैज-संख्या-चालक का रक्त समूह और आर एच फैक्टर .....

अनुज्ञप्ति धारक के हस्ताक्षर और/अंगूठा निशान का नमूना .....

अनुज्ञप्ति जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर .....

जारी करने वाले प्राधिकारी की पहचान .....

टिप्पण : सुरक्षा विशिष्टियों के लिए जैसे छाया बिंब और/या होलोग्राम के लिए उपबंध संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अनुज्ञप्ति के दृष्टिक निरीक्षण जोन में उपबंधित किया जाता है।

निम्नलिखित विशिष्टियां अनुज्ञप्ति में संबंधित राज्य सरकारों द्वारा कार्ड के पृष्ठ भाग पर उपबंधित की जाएं।

25. उक्त नियमों के प्ररूप 7 के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूप रखा जाएगा, अर्थात् :—

"प्ररूप 7"

[नियम 16(2) देखें]

चालन अनुज्ञप्ति का प्ररूप (लेमिनेटिड/स्मार्ट कार्ड किस्म)

दृष्टिक निरीक्षण जोन

फोटोग्राफ

चालन अनुज्ञप्ति संख्या .....

जारी करने की तारीख .....

कब तक, वैध है (गैर परिवहन)..... कब तक, वैध है (परिवहन).....

नाम ..... (उपनाम) ..... (दिया गया नाम) ..... (मध्य नाम)

पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .....

..... (उपनाम) ..... (दिया गया नाम) ..... (मध्य नाम)

पता (वर्तमान) .....

जन्म तिथि ..... (तारीख) ..... (मास) ..... (वर्ष) .....

संपूर्ण भारत में निम्नलिखित वर्ग के यान चलाने के लिए प्राधिकार

i यान का वर्ग ....

ii जारी करने की तारीख (तारीख ..... (मास) ..... (वर्ष) .....

बैज-संख्या .....

चालक का रक्त समूह और आर एच फैक्टर .....

अनुज्ञप्ति धारक के हस्ताक्षर और अंगूठा निशान का नमूना .....

जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर .....

जारी करने वाले प्राधिकारी की पहचान .....

टिप्पण : सुरक्षा विशिष्टियों जैसे छाया बिंब और/या होलोग्राम के लिए उपबंध संबंधित राज्य सरकार द्वारा अनुज्ञप्ति के दृष्टिक निरीक्षण जोन में किया जाएगा। कार्ड की क्रम संख्या कार्ड निर्माता द्वारा कार्ड के पृष्ठ भाग पर ऊपरी बाएं कोने पर मुद्रित की जाएगी।

मशीन द्वारा पठनीय जोन

संबंधित राज्य सरकारें अनुज्ञप्ति में मशीन द्वारा पठनीय जोन में निम्नलिखित विशिष्टियां उपबंधित करेंगी:—

चिप क्रम संख्या .....

चालन अनुज्ञप्ति संख्या .....

जारी करने की तारीख .....

कब तक, वैध है (गैर परिवहन)..... कब तक, वैध है (परिवहन) .....

नाम ..... (उपनाम)..... (दिया गया नाम) ..... (मध्य नाम)

पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .....

.....(उपनाम) ..... (दिया गया नाम) ..... (मध्य नाम)

जन्म तिथि ..... (तारीख) ..... (मास) ..... (वर्ष) .....

यान का वर्ग ....

जारी करने की संबंधित तारीख ....

यथोपरि यान संबंधित वर्ग के लिए ....

चालन परीक्षण लेने वाले प्राधिकारी का संक्षिप्त नाम

यथोपरि यान के संबंधित वर्ग के लिए चालन परीक्षण लेने वाले प्राधिकारी का पदनाम .....

जारी करने वाले प्राधिकारी की पहचान .....

पृष्ठांकन ब्यौरे (निम्नलिखित ब्यौरे सहित 10 पृष्ठांकन समाहित करने के लिए उपबंध किया जाएगा)

*पृष्ठांकन/चालान संख्या .....

*पृष्ठांकन/चालान की तारीख .....

पृष्ठांकन प्राधिकारी का आई. डी. कोड

धारा/नियम/कार्यवाही संख्या (10 धाराओं/नियमों के लिए उपबंध) .....

जुर्माना .....

(तारीख ..... मास ..... वर्ष) से निरर्हता की अवधि

..... (तारीख ..... मास ..... वर्ष) तक निरर्हता की अवधि

समझौता/पुनर्विलोकन की तारीख (तारीख ..... मास ..... वर्ष)

समझौता/पुनर्विलोकन प्राधिकारी की पहचान .....

बैज का ब्यौरा

बैज संख्या .....

..... तक विधिमान्य

प्राधिकार संख्या

IndiaCode

प्राधिकार की तारीख

26. उक्त नियमों के प्ररूप 20 में मद संख्या 4 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"4 (क) स्वामी की वार्षिक आय और पेन/जी आई आर संख्या"।

27. उक्त नियमों के प्ररूप 23 के पश्चात् निम्नलिखित प्ररूप अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

प्ररूप 23क

(नियम 48 देखें)

रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र (इलैक्ट्रानिक माध्यम में जैसे कि स्मार्ट कार्ड, आदि)

स्मार्ट कार्ड दृष्टिक निरीक्षण जोन पर मुद्रित की जाने वाली विशिष्टियां

दृष्टिक निरीक्षण जोन की अंतर्वस्तु

रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र

1. राज्य परिवहन विभाग का नाम .....
2. कार्ड क्रम संख्या .....
3. यान रजिस्ट्रीकरण संख्या .....
4. रजिस्ट्रीकरण की तारीख (तारीख ..... मास ..... वर्ष)
5. स्वामी के ब्योरे :—

5.1 नाम .....

5.2 पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री .....

5.3 पता: वर्तमान डाक का पता .....

6. यान के ब्योरे

6.1 निर्माता का नाम और मेक

6.2 रंग

6.3 ईंधन

6.4 यान का वर्ग

6.5 बॉडी की किस्म

6.6 सीटों की क्षमता

6.7 स्टेंडिंग क्षमता

6.8 विनिर्माण की तारीख (तारीख ..... मास ..... वर्ष)

6.9 खाली यान का भार

6.10 क्यूबिक क्षमता

6.11 व्हील बेस

6.12 सिलेंडरों की संख्या

6.13 स्वामी का क्रम (वैकल्पिक)

6.14 चेसिस संख्या

6.15 इंजन संख्या

7. (तारीख ..... माह ..... वर्ष) तक संदत्त कर

8. रजिस्ट्रीकरण की विधिमान्यता (तारीख ..... मास ..... वर्ष)

9. रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी के हस्ताक्षर

10. जारी करने वाले प्राधिकारी की पहचान

IndiaCode

मशीन द्वारा पठनीय जोन की विषय वस्तु

11. चिप क्रम संख्या
12. स्वामी का क्रम (जब स्वामित्व परिवर्तन हुआ है तो इसकी संख्या)
13. कर की तारीख (कर विधिमान्यता की तारीख) (तारीख ..... मास ..... वर्ष)
14. रजिस्ट्रीकरण की विधिमान्यता (तारीख ..... मास ..... वर्ष)
15. आडमान के ब्यौरे :—

15.1 वित्त पोषक का नाम

15.2 वित्त पोषक का पता

15.3 (तारीख ..... मास ..... वर्ष) से आडमानित

15.4 (तारीख ..... मास ..... वर्ष) तक आडमानित

16. अनापत्ति प्रमाणपत्र एन ओ सी के ब्यौरे—(भावी प्रयोग)

16.1 अनापत्ति प्रमाणपत्र की संख्या

16.2 राज्य के लिए (केवल कोड)

16.3 क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के लिए

16.4 एन सी आर वी स्वीकृति के लिए

16.5 अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने की तारीख (तारीख ..... मास ..... वर्ष)

17. बीमा के ब्योरे—(भावी प्रयोग)

17.1 कंपनी का नाम

17.2 कवरनोट/पॉलिसी संख्या

17.3 बीमा का प्रकार

17.4 विधिमान्यता की तारीख (तारीख ..... मास ..... वर्ष)

18. प्रदूषण नियंत्रण के ब्योरे (भावी प्रयोग)

18.1 जांच केन्द्र (केवल कोड)

18.2 (तारीख ..... मास ..... वर्ष) तक विधिमान्यता

19. कर संदाय के ब्योरे :—

रकम

जुर्माना

छूट/रसीद संख्या

संदाय की तारीख (तारीख ..... मास ..... वर्ष)

(तारीख ..... मास ..... वर्ष) से विधिमान्य

(तारीख ..... मास ..... वर्ष) तक विधिमान्य

छूट (हां/नहीं)

20. फिटनेस के ब्योरे

विधिमान्य (तारीख ..... मास ..... वर्ष)

निरीक्षण अधिकारी

अवस्थिति

21. परिवहन यान के संबंध में अतिरिक्त सूचना

सकल यान भार (कि. ग्रा. में)

टायरों की संख्या, वर्णन और आकार

रजिस्ट्रीकृत धुरी भार

IndiaCode

अर्ध ट्रेलरों की संख्या

22. चालान के ब्यौरे

चालान संख्या

अभियुक्त व्यक्ति (स्वा.-स्वामी, चा.-चालक, परि.-परिचालक)

धारा (केवल कोड)

चालान करने वाला अधिकारी

अवस्थिति

तारीख और समय (तारीख ..... माह ..... वर्ष ...../घंटा/मिनट)

व्ययन करने वाला प्राधिकारी (आर-आर टी ओ, सी-कोर्ट)

व्ययन की तारीख (तारीख ..... माह ..... वर्ष)

शास्ति

रसीद संख्या

23. परमिट के ब्यौरे

परमिट संख्या

परमिट का प्रकार (तारीख ..... माह ..... वर्ष में)

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) से विधिमान्य

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) तक विधिमान्य

परिचालन क्षेत्र

मुकाम ..... से

मुकाम ..... तक

मुकाम 1

मुकाम 2

मुकाम 3

24. परमिट कार्रवाई

कार्रवाई कोड

अभ्यर्पण/निलंबन/रद्दकरण

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) तारीख से

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) तारीख तक

कारण

25. अखिल भारतीय पर्यटन परमिट के ब्यौरे

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) तारीख से

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) तारीख तक

26. प्राधिकरण के ब्यौरे

राज्य (केवल कोड)

प्राधिकरण संख्या

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) से विधिमान्य

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) तक विधिमान्य

बैंक ड्राफ्ट रकम

बैंक ड्राफ्ट संख्या

बैंक (केवल कोड)

IndiaCode

शाखा

बैंक ड्राफ्ट जारी करने की तारीख (तारीख ..... माह ..... वर्ष में)

27. प्रति हस्ताक्षर के ब्यौरे

प्राधिकार प्रदान करने वाला कार्यालय

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) से विधिमान्य

(तारीख ..... माह ..... वर्ष में) तक विधिमान्य

मुकाम ..... से

मुकाम ..... तक

मुकाम 1

मुकाम 2

मुकाम 3

28. ऑटो रिक्शा/स्थानीय टैक्सियों की दशा में :—

मीटर संख्या

टिप्पण : (i) कर की अगली किस्त के संदाय के समय जारी करने वाला प्राधिकारी यह कथन करते हुए एक लिखित रसीद जारी करेगा कि संदत्त कर की विधिमान्यता की तारीख अमुक तारीख से बढ़ा कर अमुक तारीख तक कर दी गई है। इस रसीद पर अभिहित प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षर किया जाएगा। जारी करने वाले प्राधिकारी के नाम का भी स्पष्ट रूप से उल्लिखित होगा। यह रसीद सुरक्षा मुद्रित वाटर पेपर, उस पर ऐसा होलोग्राम होगा जिसे संबंध राज्य द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सके।

टिप्पण : (ii) संलग्न यान के संबंध में ट्रेलर की अतिरिक्त सूचना अपेक्षित नहीं है।

28. उक्त नियमों का प्ररूप 47 में निम्नलिखित नोट अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"टिप्पण : यह प्ररूप सुरक्षा मुद्रित वॉटर मार्क पेपर पर होगा और उस पर ऐसा होलोग्राम होगा जिसे संबंधित राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सके, होलोग्राम चिह्न होगा।"

[फा. सं. आर टी-11036/38/2000-एम वी एल]

आलोक रावत, संयुक्त सचिव

टिप्पण : मूल नियम की सा.का.नि. सं. 590 (अ) 2 जून, 1989 के तहत अधिसूचित किए गए थे और 28 मार्च, 2002 की सा.का.नि. सं. 242 (अ) के तहत अंतिम रूप से संशोधित किए गए थे।

IndiaCode

MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

NOTIFICATION

New Delhi, the 31st May, 2002

G.S.R. 400(E).— Whereas the draft of certain rules further to amend the Central Motor Vehicles Rules, 1989, were published as required by sub-section (1) of section 212 of the Motor Vehicles Act, 1988 (59 of 1988) in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 3, Sub-section (i), dated the 15th January, 2002 in the notification of Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways, number G.S.R. 31 (E), dated the 15th January, 2002, inviting objections or suggestions from all persons likely to be affected thereby within a period of forty five days from the date on which copies of the Gazette of India, in which the said notification was published, were made available to the public;

And whereas the copies of the said Gazette of India were made available to the public on the 16th January, 2002;

And whereas objections or suggestions received from the public in respect of the said draft rules have been considered by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sections 27, 64, 110 and 137 of the said Act, the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Central Motor Vehicles Rules, 1989, namely:-

1. (1) These rules may be called the Central Motor Vehicles(Third Amendment) Rules, 2002.

(2)They shall come into force on the date of their final publication in the Official Gazette, unless otherwise specified in these rules.

2. the Central Motor Vehicles Rules, 1989 (hereinafter referred to as the said rules), in rule 2, after clause (h), the following shall be inserted, namely:-

'(i) "Category L1" means a motor cycle as defined in sub-section (27) of section 2 of the Act, with maximum design speed not exceeding 45 km/hour and engine capacity not exceeding 50 cc, if fitted with a thermic engine.

